C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में सोमवार
सायं 6:17 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सुबह 5:57 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 82 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | सोमवार, 15 सितम्बर 2025



दूसरे रविवार को बागी 4 ने पकड़ी... पेज-3 पर

## अखिल एकता उद्योग व्यापार मंडल की पहली व्यापार चौपाल का सफल आयोजन

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

अखिल एकता उद्योग व्यापार मंडल द्वारा संपूर्ण भारत की पहली व्यापार चौपाल का सफल आयोजन रूद्राक्षी बैंक्विट हॉल में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सुनील सिंधी जी तथा विशिष्ट अतिथि सांसद अजय भट्ट , महापौर गजराज सिंह बिष्ट एवं अन्य कई गणमान्य पदाधिकारी एवं विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। इसके बावजूद कार्यक्रम उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना के साथ किया हुआ उत्तराखंड प्रभारी अतुल कुमार गुप्ता



के द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया और कहा कीहम सभी जानते हैं कि विदेशी प्रोडक्ट ने हमारे बाथरूम से लेकर किचन तक कब्जा किया हुआ है. यह विदेशी कंपनियां हमें कोलगेट से लेकर नमक तक बेचती है। ऐसा नहीं है कि हम अपने देश में इन वस्तुओं का उत्पादन नहीं कर रहे हैं, पर आज पश्चिमी सभ्यता की वजह से, या यूं कहें ग्लोबलाइजेशन की वजह, भारत जैसे विकासशील देशों की अर्थव्यवस्था, विदेशी उत्पादों में निर्भर हो चुकी है, जिससे हमारे घरेलू उद्योग और उत्पाद नष्ट होते चले जा रहे हैं। देश अपनी ज़रूरतों की वस्तुएं स्वयं बनाए, उनका स्वयं इस्तेमाल करे और उत्पादन व आपूर्ति में आत्मनिर्भर बने। हम देश मे बनने वाले सामान का उपयोग करें और बाकी लोगों को भी जागरूक करें को वो भी देश में बना समान खरीदें एवम अपने रोजाना के कार्यों में प्रयुक्त करें ताकि हमारे देश का पैसा बाहर न जाकर देश आर्थिक बुलंदियों पर पहुंच जाए। देश और उसकी जनता की आर्थिक स्थिति और अर्थव्यवस्था को मजबूत करने एक लाइन में अपनी पूरी बात की और वह लाइन थी कि लोकल के लिए वोकल बनें। साथियों अखिल एकता उद्योग व्यापार मंडल के विचारकों का कहना है..जब भी भारत में संकट आता है तब लोकल फोर वोकल, भारत के व्यापारी और भारतीय कंपनियां ही मदद के लिए आगे आती हैं। स्वदेशी उत्पादों को अपनाने से घरेलू उद्योगों और लघु एवं मध्यम उद्योगों को मजबूती मिलती है, जिससे रोजगार के अवसर बढ़ते हैं। अगर सभी भारतीय लोकल वस्तुओं का इस्तेमाल करने लग जाएं तो जो विदेशी कंपनियां कमाई का एक हिस्सा ले जाती हैं वह हिस्सा अपने देश में रह जाएगा। इससे आने वाले समय में देश की अर्थव्यवस्था को काफी फायदा होगा। घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा मिलता है,रोजगार की ज्वलंत समस्या का समाधान भी होता है और आयात पर निर्भरता कम होने से, यह पहल भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूत करती है। वोकल फॉर लोकल% जैसी अवधारणा अमीर-गरीब की एक असीमित खाई को पाटने का काम भी करेगी। आम जन को महंगाई से निजात मिलेगी और कम समय में उचित कीमत पर सही मूल्य उनको मिल सकेगा।

...शेष पेज 2 पर

### News कॉर्नर

## स्याल्दे में भारत-पाकिस्तान क्रिकेट मैच का विरोध

**अल्मोड़ा।** उत्तराखंड जन कल्याण समिति ईक्कूखेत ने भारत-पाकिस्तान क्रिकेट मैच का विरोध किया है। समिति के पदाधिकारियों का कहना है कि ऑपरेशन सिंदूर और पाकिस्तान के साथ क्रिकेट मैच एक साथ नहीं चल सकता है। रविवार को ईक्कूखेत में हुई बैठक में समिति के अध्यक्ष सुनील टम्टा कहा कि पाकिस्तान के साथ क्रिकेट मैच खेलना शहीदों का अपमान है। कहा कि पाकिस्तान जैसे आतंकवाद पोषक देश के साथ किसी भी प्रकार का खेल खेला जाना राष्ट्र के सम्मान के विपरीत है। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने भारत-पाकिस्तान क्रिकेट मैच के विरोध में प्रदर्शन किया। उन्होंने पीएम, गृहमंत्री और खेल मंत्री से पाकिस्तान के साथ क्रिकेट संबंधों को निलंबित करने की मांग की। कहा कि जब तक सीमा पर स्थिति सामान्य नहीं होती, तब तक किसी भी प्रकार का खेल-सहयोग बंद करने की मांग की। इस मौके पर राज्य आंदोलनकारी राजेंद्र नेगी, बालम सिंह, मोहन सिंह, सूरज सिंह, राम सिंह, श्याम राम, बिशन सिंह मौजूद रहे।

**कहा, कुछ धाराओं को संरक्षण की जरूरत**

## वक्फ कानून के सभी प्रावधानों पर रोक लगाने से सुप्रीम इनकार

**नई दिल्ली**

**एजेंसी**

शीर्ष अदालत ने सोमवार को वक्फ संशोधन अधिनियम, 2025 को लेकर बड़ा फैसला सुनाया। कोर्ट ने कानून पर रोक लगाने की मांग पर विचार करने से इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कानून पर केवल दुर्लभतम मामलों में ही रोक लगाई जा सकती है।

सर्वोच्च न्यायालय ने वक्फ संशोधन अधिनियम, 2025 के उस प्रावधान पर रोक लगा दी है, जिसके अनुसार किसी व्यक्ति को वक्फ बनाने के लिए पांच वर्षों तक इस्लाम का अनुयायी होना आवश्यक था। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि यह प्रावधान तब तक स्थगित रहेगा, जब तक यह निर्धारित करने के लिए नियम नहीं बन जाते कि कोई व्यक्ति इस्लाम का अनुयायी है या नहीं। सर्वोच्च न्यायालय ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 के सभी प्रावधानों पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। हालांकि, न्यायालय का कहना है कि कुछ धाराओं को संरक्षण की आवश्यकता है। सर्वोच्च न्यायालय ने वक्फ अधिनियम के उस प्रावधान पर भी रोक लगा दी है, जो कलेक्टर को



यह निर्धारित करने का अधिकार देता था कि वक्फ घोषित की गई संपत्ति सरकारी है या नहीं और आदेश पारित कर सकता था। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि कलेक्टर को नागरिकों के व्यक्तिगत अधिकारों का न्याय करने की अनुमति नहीं दी जा सकती और यह शक्तियों के पृथक्करण का उल्लंघन होगा। सर्वोच्च न्यायालय ने यह भी कहा कि वक्फ बोर्ड में तीन से अधिक गैर-मुस्लिम सदस्यों को शामिल नहीं किया जाना चाहिए। फिलहाल वक्फ परिषदों में कुल मिलाकर चार से अधिक गैर-मुस्लिम सदस्यों को शामिल नहीं किया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को वक्फ कानून पर रोक लगाने से इनकार कर दिया और कहा कि इसकी संवैधानिक वैधता की पूर्वधारणा है। हालांकि, कोर्ट ने कुछ प्रावधानों के क्रियान्वयन पर रोक लगा दी है, जिनमें वह प्रावधान भी शामिल है, जिसमें कहा गया था कि केवल पिछले पांच वर्षों से इस्लाम का पालन कर रहे लोग ही वक्फ बना सकते हैं। कोर्ट ने निर्देश दिया कि जहां तक संभव हो, वक्फ बोर्ड का मुख्य कार्यकारी अधिकारी एक मुस्लिम होना चाहिए। साथ ही कोर्ट ने गैर-मुस्लिम को सीईओ के रूप में नियुक्त करने की अनुमति देने वाले संशोधन पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने यह भी कहा कि राज्य वक्फ बोर्डों और केंद्रीय वक्फ परिषदों में गैर-मुस्लिमों की संख्या तीन से अधिक नहीं हो सकती।

## पुलिस से न्याय न मिलने पर पीड़ित ने ली कोर्ट की शरण

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर घर में घुसकर महिलाओं से अभद्रता और मारपीट के मामले में महिलाएं समेत दस लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पीड़ित ने पुलिस से न्याय नहीं मिलने पर कोर्ट की शरण ली थी। अनूप कोली पुत्र रमेश लाल निवासी- हनुमान मन्दिर गली रम्पुरा, रुद्रपुर ने नेमपाल पुत्र हीरालाल, राकेश पुत्र नेमपाल, दीपक पुत्र नेमपाल, अर्जुन पुत्र नेमपाल, कर्णपुत्र नेमपाल,रीतिक पुत्र नेमपाल, मुन्नी पत्नी नेमपाल रोहित, गजेन्द्र, लेखराज निवासी हनुमान मन्दिर गली रम्पुरा, रूद्रपुर पर घर में घुसकर गाली गलौज करते हुए हमला करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई। पीड़ित का कहना था कि सके पड़ोस में नेमपाल पुत्र हीरालाल अपने परिवार के साथ निवास करता है व घर पर ही उसका पूरा परिवार किराने / परचून की दुकान संचालित करते है। आरोप लगाया कि परचून की दुकान की आड़ में नशे का कारोबार करते हैं और दुकान पर हमेशा ही रात 11-12 बजे तक नशेड़ियों का आना जाना लगा रहता है।देर रात तक बैठे रहते है। नशेड़ी उसके परिवार की महिलाओं व मौहल्ले की अन्य महिलाओं पर गन्दी गन्दी टीका टिप्पणी करते है और छेड़ाखानी करते है। कई बार नेमपाल व उसके परिवार से बात की परन्तु उनके द्वारा हमेशा ही उससे ही अभ्रदता की गयी और रंजिश रखने लगे। उसे धमकियां भी दी गई। पीड़ित के मुताबिक 23 मार्च 2025 की रात्री लगभग 11.30 बजे की घटना है। नेमपाल की दुकान पर उक्त नेमपाल व उसके ग्राहक हल्ला गुल्ला गॉली-गलौच कर रहे थे तो उसने घर से बाहर आकर नेमपाल से बात कर समझाने का प्रयास किया । इस पर नेमपाल व उसका परिवार गाली-गलौज करने लगे व जान से मारने की धमकी दी। बताया कि वह डर के कारण घर पर आ गया। आरोप है कि कुछ मिनट बाद ही नेमपाल अपने पुत्रों, पत्नी समेत अन्य लोगो के साथ हाथों में लाडी डन्डों व धारदार हथियार लेकर घर में घुस आए और गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। जान से मारने की नियत से प्रहार करने लगे। आरोप है कि रीतिक,दीपक ने पत्नी से छेड़ाखानी करने लगे,कपड़े फाड़ दिये। घर में तोड़-फोड़ भी की। पीड़ित ने हमलावरों पर गले की सोने की चैन भी जबरन लूटने का आरोप लगाया। शोर शराबा सुन कर आस-पास के लोग इकठ्ठा हो गये। तभी वह लोग जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पीड़ित के मुताबिक हमलावरों के खिलाफ कार्रवाई के लिए पुलिस को तहरीर सौंपी। सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद 21 मई 25 को घटनाक्रम की एक प्रार्थना पत्र एसएसपी को दिया,परन्तु आज दिन तक कोई कार्रवाई नहीं की गयी। उसे मजबूर होकर न्याय के लिए कोर्ट की शरण लेनी पड़ी। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## किच्छा विधायक बेहड़ ने मजिस्ट्रेट जांच की मांग,डीएम को सौंपा पत्र

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

**मांग**

- **परिजनों ने भी उठाए पंतनगर प्रशासन की भूमिका पर सवाल**

किच्छा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम दरऊ निवासी 20 वर्षीय बीटेक छात्र नीरज की संदिग्ध हालात में खुदकुशी के मामले में नया मोड़ आ गया है। नीरज बीटेक का छात्र था और पंतनगर विश्वविद्यालय के छात्रावास में रहकर पढ़ाई कर रहा था।

उसके पास से मिला सुसाइड नोट में उसने अंग्रेजी विषय में कमजोर होने के चलते आत्महत्या का कारण लिखा।लेकिन परिजन इस वजह से संतुष्ट नहीं हैं।किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ ने शनिवार को पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर नीरज के परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान परिजनों ने खुदकुशी के पीछे किसी साजिश की आशंका जताई और न्याय की मांग की। विधायक बेहड़ ने कहा कि नीरज को विश्वविद्यालय में मेरिट के आधार पर दाखिला मिला था, जो उसकी काबिलियत का प्रमाण है। केवल अंग्रेजी में कमजोरी आत्महत्या की वजह नहीं हो सकती।विधायक ने जिलाधिकारी ऊधम सिंह नगर को पत्र लिखकर मामले की मजिस्ट्रेट जांच कराने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## रूद्रपुर में भूमि पूजन के साथ मुख्य बस स्टैंड वाली रामलीला की तैयारियां शुरू हुई

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

रुद्रपुर नगर की प्राचीन मुख्य रोडवेज बस स्टैंड समीप रामलीला मैदान में भूमि पूजन के साथ ही मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की रामलीला की तैयारियां युद्धस्तर पर शुरू हो गयी है।

सगड़ा कहलाने वाली इस रस्म में पंडित वेद प्रकाश नें धार्मिक मंत्रोच्चार के बीच विधिविधान से भूमि पूजन संपन्न कराई। इस वर्ष की श्रीराम लीला में प्रभु श्रीराम चन्द्र जी का किरदार निभानें वाले समाजसेवी मनोज अरोरा, हनुमान जी का किरदार निभानें वाले समाजसेवी सुशील गाबा सहित समस्त रामलीला कमेटी एवं श्री रामनाटक क्लब के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने भूमि पूजन में प्रतिभाग किया। श्रीरामलीला



कमेटी के अध्यक्ष पवन अग्रवाल ने बताया कि सगड़े की इस रस्म के तहत श्री रामलीला के लिए भूमि पूजन किया जाता है।

ताकि आयोजन सफलतापूर्वक हो, भगवान श्री राम का आशीर्वाद मिले। नकारात्मक ऊर्जा दूर हो और भूमि की समृद्धि हो। यह आयोजन के सभी बाधाओं को दूर करने और भक्तों के लिए सुख-शांति की कामना के साथ-साथ रामलीला को भव्य बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होता है। महामंत्री विजय अरोरा नें कहा कि भूमि की समृद्धि और शुद्धिकरण के रूप में भूमि पूजन देवी भूमि और वास्तु पुरुष की पूजा है, जिसका उद्देश्य भूमि को शुद्ध करना और उसकी समृद्धि सुनिश्चित करना है। समन्यवयक नरेश शर्मा ने बताया कि इस प्राचीन एवं भव्य परंपरा से नई पीढ़ी को जोड़कर नई पीढ़ी को भगवान राम के आदशों से परिचित कराना है। भूमि पूजन इस प्रयास की शुरुआत का प्रतीक है।

इस दौरान श्रीरामलीला कमेटी के कोषाध्यक्ष अमित गंभीर, उपाध्यक्ष विजय जग्गा,राकेश सुखीजा,मोहन लाल भुड्डी, महावीर आजाद,अमित अरोरा बोबी, आशीष ग्रोवर आशू, गौरव बेहड़, राजेश छाबड़ा,गौरव तनेजा, हरीश सुखीजा, प्रेम खुराना, अनिल तनेजा, सचिन मुंजाल,विजय विरमानी, अमित चावला,राजकुमार कक्कड़, रामकृष्ण कन्नौजिया,सौरभ बेहड़, सचिन आनन्द, आयुष्मान सुशील गाबा आदि मौजूद थे।

# विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर का आयोजन

नैनीताल

हमारे संवाददाता



उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के दिशा निर्देशानुसार एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल / जिला न्यायाधीश हरीश कुमार गोयल के निर्देशन में सिविल जज (सी0डि0)/ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल श्रीमती पारुल थपलियाल के द्वारा रविवार को हिंदी दिवस के मौके पर ज्योलीकोट स्थित नेन्सी कॉन्वेंट स्कूल व नेन्सी नर्सिंग कॉलेज में विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया।

सर्वप्रथम सिविल जज (सी0डि0)/ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल द्वारा दीप प्रज्वलन कर विधिक साक्षरता एवं जगरूकता शिविर का शुभारंभ किया गया। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा शिविर में बताया गया की हर वर्ष 14 सितंबर को पूरे देश में हिन्दी दिवस मनाया जाता है जिसका उद्देश्य हिन्दी भाषा के महत्व, प्रतिष्ठा और प्रचार प्रसार को रेखांकित करना है। इसी दिन वर्ष 1949 में भारत की संविधान सभा ने हिन्दी को भारत संघ की राजकीय भाषा के रूप में स्वीकार किया था तभी से यह दिन हिन्दी भाषा के गौरव का प्रतीक बन गया है। शिविर मे सचिव द्वारा नशा उन्मुलन, साइबर अपराध, पॉस्को अपराध के बारे मे भी विस्तार पूर्ण विधिक जानकारी दी गई। जागरुकता शिविर मे हिंदी दिवस के उपलक्ष्य पर विषय राष्ट्रीय जीवन में हिन्दी का महत्व, एकता के लिए हिन्दी को जोडना, हिन्दी के माध्यम से विधिक जागरूकता का प्रचार पर छात्र छात्रों द्वारा वाद विवाद प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। शिविर में प्राविधिक स्वयंसेवक उमा भंडारी द्वारा हिंदी दिवस व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के क्रियाकलापों के बारे मे विस्तार पूर्ण जानकारी दी। कार्यक्रम मे रिटेनर अधिवक्ता तारा आर्या द्वारा नालसा टोल फ्री नंबर 151000 के बारे मे जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम के अंतिम सत्र मे सिविल जज (सी0डि0)/ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल द्वारा वाद विवाद प्रतियोगिता तथा कविता पठान के प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी देकर पुरस्कृत किया गया। शिविर में यशवंत कुमार, अंबिका तथा प्रधानाचार्य व अन्य शिक्षक व शिक्षिकायें उपस्थित रही।

## NEWS / फटाफट

### मेधावी खिलाड़ी समृद्धि ने झटका कांस्य पदक



**नैनीताल ।** नगर के प्रतिष्ठित मोहन लाल साह विद्या मंदिर की कक्षा 9 की मेधावी खिलाड़ी समृद्धि वर्मा ने अंडर -17 में इटावा (उत्तर प्रदेश) में आयोजित सीबीएसई नेशनल ताइकवांडों चैंपियनशिप में जो कि 3 से 7 सितंबर को आयोजित हुई उसमें कांस्य पदक हासिल किया। कालेज के मैनेजर विनय साह, प्रधानाचार्या अनुपमा साह समेत कालेज परिवार ने मेधावी खिलाड़ी समृद्धि वर्मा की इस अहम कामयाबी पर खुशी जताते हुए उसे बधाई देते हुए उनके बेहतर उज्वल भविष्य की कामना की है।

### एकॉर्न बाई ओकवुड स्कूल में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता



**नैनीताल।** एकॉर्न बाई ओकवुड स्कूल में आयोजित फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने सुंदर प्रस्तुती दी। रंग-बिरंगे परिधानों और अनोखे किरदारों में मंच पर उतरे बच्चों ने अपनी अदाओं और प्रस्तुति से उपस्थित अभिभावकों व शिक्षकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में जूनियर ग्रुप से अभ्रनील सिंह मेहरा और कृण्वी ममगई ने शानदार प्रदर्शन कर प्रोत्साहन पुरस्कार प्राप्त किया। वहीं सीनियर ग्रुप से दिविशा बिष्ट ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुति के दम पर प्रोत्साहन पुरस्कार हासिल किया। इस दौरान स्कूल की प्रधानाचार्या आशा आर्या ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएँ बच्चों के व्यक्तित्व विकास और आत्मविश्वास को नई दिशा देती हैं। इस अवसर पर अध्यापिका निकिता, हिना मौजूद रहीं।



# फिर से नैनीताल में पर्यटकों की आमद बढ़ना शुरू

नैनीताल

हमारे संवाददाता

लंबे समय के बाद एक बार फिर से नैनीताल में पर्यटकों की आमद बढ़ना शुरू हो गया है जिस कारण वीकेंड के तहत रविवार को नगर में पर्यटकों की खासी रौनक देखने को मिली। संभावना जताई जा रही है कि आने वाले दिनों में भी पर्यटकों की आमद बढ़ेगी।

बता दें कि नैनीताल में लगातार वर्षा व आपदा के चलते पर्यटकों की आमद में भारी गिरावट आने से पर्यटन कारोबार पर विपरीत प्रभाव पड़ा था। दूसरी ओर अब वीकेंड से सैलानियों की आमद यकायक बढ़ने जिस कारण नगर में खासी रौनक नजर आई। पर्यटन स्थलों में पूरे दिन रौनक रही। नगर के स्नोव्यू, हिमालय दर्शन, वॉटरफ ॉल समेत केव गार्डन व चिड़ियाघर में पूरे दिन सैलानियों की आवाजाही बनी रही। नगर की शान समझी जाने वाली माल रोड में भी चहल पहल रही। नौका विहार करने वाले सैलानियों में भी बढ़ोतरी देखी गयी। नैनीताल होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह बिष्ट के मुताबिक अब लंबे समय के बाद सैलानियों की आमद बढने लगी है और आने वाले दिनों में भी सैलानियों की आमद बढने की संभावना है।

# मौसम का मिजाजः नैनीताल में सुबह और दोपहर में हुई बारिश

नैनीताल

हमारे संवाददाता

सरोवर नगरी नैनीताल में रविवार सुबह और दोपहर को मौसम का मिजाज बिगड़ा रहा। सुबह को तेज तो दोपहर में हल्की बारिश हुई।

नगर में सुबह कुछ देर के लिए तेज बारिश हुई। इससे पूर्व बीती रात हल्की मध्यम बारिश होते रही। इधर दोपहर में भी हल्की बारिश हुई। बारिश के चलते जीवनदायिनी नैनी झील का जल स्तर वृद्धि की ओर अग्रसर है जो 88 फ ीट पहुंच गया है। इधर मौसम विभाग ने अगले तीन दिन मानसूनी वर्षा जारी रहने की संभावना जताई है। मौसम विभाग देहरादून निदेशक डॉ सीएस तोमार ने बताया फिलहाल यलो अलर्ट जारी रखा गया है।

18 सितंबर तक मानसून सक्रिय रहने की संभावना है। इसके बाद ही मौसम में सुधार आने की संभावना रहेगी। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अधिकतम तापमान 26 व न्यूनतम 22 डिग्री सेल्सियस रहा। वर्षा 6 मिमी रिकार्ड की गयी।



## पेज एक का शेष......

### अखिल एकता उद्योग व्यापार मंडल की...

वोकल फॉर लोकल आंदोलन व्यवसायों को अपने उत्पादों की गुणवत्ता और नवाचार को बढ़ाने के लिये अनुसंधान तथा विकास में निवेश करने हेतु प्रोत्साहित करता है। संगठन व्यापारिक भागीदारों के बीच भेदभाव को प्रतिबन्धित करता है। देश में व्यापार नीति समीक्षा तंत्र की देखरख एवं आवधिक समीक्षा भी करता है। अखिल एकता उद्योग व्यापार मंडल राष्ट्रवादी विचारधारा का संगठन है जो भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लक्ष्य को लेकर जो व्यापारियों के सामान्य हितों को बढ़ावा देने के लिए एक विशिष्ट उद्देश्यों में काम करने वाले व्यापारी वर्गों के सदस्यों द्वारा स्थापित और वित्त पोषित है। आज देश के 22 राज्यों में अपनी कार्यकारिणी का गठन कर विशाल नेटवर्क के साथ व्यापारिक हितार्थ समर्पित कार्यकर्ताओं के साथ समस्त गतिविधियों का संचालन कर रहा है। अखिल एकता उद्योग व्यापार मंडल से जुड़ने के मुख्य फायदे व्यावसायिक विकास, बेहतर नेटवर्किंग के अवसर, उद्योग-विशिष्ट ज्ञान और शिक्षा, सामूहिक सौदेबाजी, और अपने हितों की वकालत करने का एक मंच प्रदान करना है। यह सदस्यों को नए रुझानों, प्रौद्योगिकियों और सर्वोत्तम प्रथाओं से अपडेट रहने में मदद करता है, जिससे उनकी प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ती है। हमारा संगठन एकता और साझा उद्देश्य की भावना पैदा करते हैं, जिससे एक घनिष्ठ समुदाय बनता है जहाँ सदस्य अपने साथियों से जुड़ते हैं और एक-दूसरे का समर्थन करते हैं। साझा ज्ञान और अनुभव: सदस्य अपने अनुभव साझा कर सकते हैं, सलाह दे सकते हैं, और उद्योग के विकास पर चर्चा कर व्यापारी चौपाल का आयोजन कर सकते हैं, जिससे समग्र रूप से उद्योग को लाभ होता है। तो आईए व्यापारी चौपाल में उपस्थिति सभी सम्मानित व्यापारी बंधुओं से निवेदन है वो हमारे संगठन से जुड़े कर देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की पहल करें। माननीय मुख्य अतिथि सुनील सिंधी का स्वागत प्रदेश संगठन मंत्री के द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री सुनील सिंधी जी व्यापारी कल्याण बोर्ड भारत सरकार ने सभी व्यापारियों को स्वदेशी अपनाने की शपथ दिलाई। वहीं माननीय अजय भट्ट जी ने व्यापारियों के साथ जीएसटी सुधार एवं उससे जुड़े विषयों पर अपने महत्वपूर्ण विचार साझा किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष जीवन सिंह कार्की ने की। यह चौपाल व्यापारियों की एकता, संगठन और हर घर स्वदेशी के संकल्प का प्रतीक बनी। कार्यक्रम में जीवन सिंह कार्य की राजेंद्र प्रसाद जायसवाल विजय बिष्ट मोहम्मद हसीन अंसारी रामबाबू जायसवाल नीरज प्रभात गर्ग अवध बिहारी शर्मा अजय डंगवाल स भंडारी गोपाल भट्ट गोपाल नेगी अनुज वर्मा पवन जोशी पवन दुबे आदि सदस्य उपस्थित थे।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# उत्तराखंड सीनियर व सब जूनियर सेपक टाकरा टीम के चयन हेतु ट्रायल आज

नैनीताल

हमारे संवाददाता

द सेपक टाकरा एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के तत्वावधान में उत्तराखंड सीनियर(महिला/पुरुष) एवं सब.जूनियर (बालक/बालिका) सेपक टाकरा टीम के चयन हेतु ट्रायल का आयोजन सोमवार (आज) को शाम 3 बजे कल्याणी व्यू स्थित सेपक टाकरा अकादमी रुद्रपुर में किया जा रहा है।

सेपक टकरा एसोसिएशन आफ उत्तराखंड के अध्यक्ष आर. पी. शर्मा के अनुसार सब जूनियर (बालक/बालिका) वर्ग में केवल वे खिलाड़ी प्रतिभाग कर सकते हैं जिनका जन्म 1 जनवरी 2011 के बाद हुआ है जबकि सीनियर (महिला/पुरुष)वर्ग को पूर्ण रूप से ओपन श्रेणी में रखा गया है। ट्रायल में प्रतिभाग करने वाले समस्त खिलाडियों को अपने साथ अपना आधार कार्ड एवं 2 पासपोर्ट साईज फ ोटो को लाना अनिवार्य होगा। ट्रायल हेतु खिलाडियों को अपने खेल वेश भूषा अनिवार्य है।

ट्रायल में निर्णायक चयनकर्ता की भूमिका में सेपक टाकरा कोच गौरव जोशी तथा सावन मल्होत्रा एवं राष्ट्रीय खिलाड़ी डॉ.नागेन्द्र प्रसाद शर्मा रहेंगें। दूसरी ओर डॉ. नागेंद्र प्रसाद शर्मा ने बताया कि सीनियर वर्ग की टीम प्रशिक्षण शिविर के उपरांत गोवा में 23अटूबर से 28 अटूबर 2025 तक आयोजित राष्ट्रीय चैंपियनशिप में प्रतिभाग करेगी जबकि सब जूनियर टीम प्रशिक्षण शिविर के उपरांत नवंबर प्रथम सप्ताह में झारखंड में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी।

# सीधी विभागीय भर्ती को पूर्ण रूप से निरस्त करने की मांग

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

राजकीय शिक्षक संघ उत्तराखंड द्वारा प्रदेश के तेरहों जिलों में प्रधानाचार्य सीधी विभागीय भर्ती के विरोध और शत-प्रतिशत पदोन्नति की मांग को लेकर तर्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसी क्रम में शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष गिरीश जोशी के नेतृत्व में, कुमाऊँ मंडल कार्यकारिणी एवं जनपद कार्यकारिणी नैनीताल का एक शिष्टमंडल हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश से भेंट करने पहुँचा और अपनी न्यायोचित मांगों पर समर्थन प्रदान करने का अनुरोध किया।

शिष्टमंडल ने विधायक के समक्ष यह प्रमुख मांगें रखीं प्रधानाचार्य पद पर सीधी विभागीय भर्ती को पूर्ण रूप से निरस्त किया जाए। प्रधानाचार्य पदों पर शत-प्रतिशत पदोन्नति व्यवस्था लागू की जाए। स्थानांतरण नीति में आवश्यक सुधार किए जाएं। विधायक सुमित हृदयेश ने शिक्षक संघ की मांगों को ध्यानपूर्वक सुना



और तत्काल समर्थन पत्र जारी करते हुए सरकार से आग्रह किया कि संघ की इन न्यायसंगत मांगों पर शीघ्र और सकारात्मक कार्रवाई की जाए। विधायक ने कहा कि शिक्षक समाज ही शिक्षा व्यवस्था की रीढ़ है और उनकी जायज़ मांगों की अनदेखी किसी भी स्थिति में उचित नहीं है। उन्होंने आश्वासन दिया कि वे इस मुद्दे को पूरी गंभीरता से सरकार के समक्ष उठाएंगे। संघ के पदाधिकारियों ने विधायक के इस सहयोग के लिए उनका हार्दिक आभार व्यक्त किया और उम्मीद जताई कि सरकार उनकी मांगों पर शीघ्र ठोस निर्णय लेगी। इस अवसर पर संघ के पदाधिकारीगण जिलाध्यक्ष गिरीश जोशी, मदन गिरी गोस्वामी, कविता कपकोटी, महेश जोशी, गोकुल मर्तोलिया, गिरीश कांडपाल, राजेंद्र सिंह परवाल, विवेक पांडे, राजेश बेलवाल, कन्नू जोशी, प्रमोद चंद्र भट्ट, त्रिलोक बृजवाशी, धीरेंद्र मिश्रा, प्रमोद जोशी सहित अनेक शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# अभिमत

## एक मत नहीं

***किसी देश, धर्म और समुदाय विशेष की जनसंख्या को लेकर समाजशास्त्री अलग-अलग दृष्टिकोण से देखते रहे हैं। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख डॉ. मोहन भागवत के भारत की जनसंख्या नीति पर बयान से नई बहस छिड़ गई है। संघ प्रमुख ने कहा कि देश में अब तक चला आ रहा 'हम दो, हमारे दो' नहीं, बल्कि इसकी जगह 'हम दो, हमारे तीन' की नीति होनी चाहिए। भारतीय दंपति तीन बच्चे पैदा करें। दुनिया में सब शास्त्र कहते हैं कि जिन समुदायों में जन्म दर तीन से कम होती है, वे धीरे-धीरे लुप्त हो जाते हैं। संघ प्रमुख के इस विचार को अधिकतर लोगों ने देशहित में माना है।***

आबादी घटने और बढ़ने का क्रम हमेशा जारी रहा है। किसी देश, धर्म और समुदाय विशेष की जनसंख्या को लेकर समाजशास्त्री अलग-अलग दृष्टिकोण से देखते रहे हैं। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख डॉ. मोहन भागवत के भारत की जनसंख्या नीति पर बयान से नई बहस छिड़ गई है। संघ प्रमुख ने कहा कि देश में अब तक चला आ रहा 'हम दो, हमारे दो' नहीं, बल्कि इसकी जगह 'हम दो, हमारे तीन' की नीति होनी चाहिए। भारतीय दंपति तीन बच्चे पैदा करें। दुनिया में सब शास्त्र कहते हैं कि जिन समुदायों में जन्म दर तीन से कम होती है, वे धीरे-धीरे लुप्त हो जाते हैं। संघ प्रमुख के इस विचार को अधिकतर लोगों ने देशहित में माना है। चिकित्सकों का मत है कि विवाह में बहुत देर न करने और तीन संतान पैदा करने से माता-पिता और संतान का स्वास्थ्य अच्छा रहता है। बच्चे आपस में पारिवारिक प्रबंधन सीख जाते हैं, सामंजस्य होने से विवाद नहीं होते हैं। भारत में जन्म दर कम होती जा रही है। विशेष रुप से हिन्दुओं की जन्म दर बहुत कम है। वर्ष 1951 की जनगणना में हिन्दुओं की हिस्सेदारी कुल आबादी में 84 प्रतिशत से अधिक थी। वर्ष 2011 में 80 प्रतिशत से कम रह गई। वहीं देश की आबादी चीन को पीछे छोड़ते हुए दुनिया में सर्वाधिक 144 करोड़ से अधिक हो गई। आबादी बढ़ने का कारण समुदाय विशेष द्वारा अधिक से अधिक बच्चे पैदा करना रहा और उन्होंने परिवार नियोजन की नीति का पालन नहीं किया। हिन्दू परिवार एकल होते जा रहे हैं। एकल परिवार में शिक्षा, रहन-सहन के स्तर में संतुलन बनाये रखना कठिन हो रहा है। इन परिस्थितियों में संघ प्रमुख का यह कहना सही है कि अस्तित्व का संकट उत्पन्न हो सकता है। संघ प्रमुख के मत से सहमत नहीं होने वाले इसे गैर-जिम्मेदाराना और अंधविश्वास मान रहे हैं। कुछ अर्थशास्त्री अधिक आबादी को अर्थव्यवस्था पर बोझ मानते हैं। अधिक आबादी को नकारात्मक दृष्टिकोण से नहीं देखा जाना चाहिए। हर व्यक्ति में खाने के लिए एक मुंह होता है, परन्तु कमाने के लिए दो हाथ होते हैं। दो साल पहले तक दुनिया की सबसे अधिक आबादी चीन की थी। चीन ने आबादी के साथ श्रम को बढ़ावा दिया और ज्यादा से ज्यादा लोगों को रोजगार देकर विश्व की महाशक्ति अमेरिका को हर क्षेत्र में टक्कर दी। भारत को भी श्रम को बढ़ावा देकर महाशक्ति बनने की ओर कदम बढ़ाने होंगे।

# सफलता: 250 पाउच अवैध कच्ची शराब बरामद

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन के तहत नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत मुखानी थाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस टीम ने रेड कर घर के बाहर बेड के नीचे जमीन में गाड़े गए प्लास्टिक ड्रम से भारी मात्रा में 250 पाउच अवैध कच्ची शराब बरामद की है।

इस कार्यवाही में दो भाई अरुण आर्या व करन आर्या, निवासी फतेहपुर गुजरौड़ा, के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। दोनों आरोपी मौके से दीवार कूदकर आम के बाग की ओर फरार हो गए, पुलिस की जांच में खुलासा हुआ कि आरोपियों ने शराब छिपाने के लिए बेहद चालाकी दिखाई। उन्होंने घर के बाहर बेड के नीचे जमीन में प्लास्टिक ड्रम गाड़े थे, जिनमें शराब के पाउच छिपाए गए थे। ऊपर से चारपाई रखकर पूरी तरह से ढक दिया गया था ताकि किसी को शक न हो।

पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र के अंतर्गत कंजर बस्ती, पीपल के पेड़ के पास, और कलावती बैंकट हॉल, फतेहपुर गुजरौड़ा में छापेमारी की। वहां आरोपियों के ठिकानों से अवैध शराब बरामद हुई। दोनों अभियुक्तों के



खिलाफ धारा 60(1) आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। साथ ही उनके आपराधिक इतिहास की जांच में कई पुराने मुकदमे भी सामने आए हैं, अभियुक्तों के खिलाफ गुंडा एक्ट के तहत भी कार्रवाई की संस्तुति की गई है। मामले की विवेचना उप निरीक्षक वीरेंद्र सिंह बिष्ट को सौंपी गई है। फरार अभियुक्तों की तलाश जारी है।

पुलिस टीम में शामिल उ.नि. नरेंद्र कुमार, उ.नि. अविनाश मौर्य, अ.उ.नि. सूरज सिंह, का. पूरन सिंह, का. परविंदर राणा, का. सुरेश देवड़ी, एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने कहा कि नशे के सौदागरों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा। देवभूमि को नशामुक्त बनाने की दिशा में पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है।



## युवक को अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार किया

**हल्द्वानी।** रात्रि गश्त के दौरान पुलिस ने एक युवक को अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार किया है पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया है मंगल पड़ाव चौकी प्रभारी गौरव जोशी व कांस्टेबल मोहम्मद अजहर जगदीश भंडारी बरेली रोड गांधी स्कूल गश्त कर रहे थे तभी एक युवक पुलिस को आता देख भागने लगा पुलिस ने भागते हुए युवक को पकड़ लिया और उसकी तलाशी जिसके पास से 315 बोर का एक तमंचा एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ पुलिस ने जब तमंचे का लाइसेंस मांगा तो वह सकपका गया पुलिस ने उसे घंटा से पूछताछ की तो उसने बताया कि वह किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में था पुलिस को उसने अपना नाम तपन दास पुत्र विनोद दास निवासी ऊंचा पुल कृष्णा कॉलोनी फेस4 बताया। पुलिस ने बताया कि समय रहते हुए अगर उसे नहीं पकड़ा जाता तो वह कई लोगों के साथ लूटपाट कर ने की फिराक में था। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए आरोपों का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है। आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह यह तमंचा बरेली जिले से सस्ते दामों में खरीद कर लाया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया है जहां से उसे सलाखों के पीछे भेजा गया है।

## एक व्यक्ति को शराब समेत गिरफ्तार किया

**हल्द्वानी।** मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने शराब का जखीरा सहित एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है कृष्ण कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया है काठगोदाम थाना पुलिस को मुखबिर ने सूचना दी की एक व्यक्ति भारी मात्रा में शराब का जखीरा लेकर आया है और वह अपने घर में वाहन से शराब उतार कर रख रहा है। पुलिस ने सूचना पाकर आनंद फानन में गोलपार स्थित शराब तस्कर के घर बागजाला पहुंच कर छापा मार दिया जहां से पुलिस को 12 पेटी अंग्रेजी शराब की बरामद हुई पुलिस ने तस्कर को पकड़ कर उससे गहनता से पूछताछ की शराब तस्कर में पुलिस को अपना नाम रोहित आर्य पुत्र प्रेम राम निवासी बागजाला गोलापार बताया। शराब तस्कर ने पुलिस को बताया कि वह ग्रामीणों को महंगे दामों पर शराब बेचता है जिससे उसके घर का गुजर बसर भी चलता है पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया है।

# पूर्व विधायक शुक्ला ने सीएम से भेंट कर आदि कैलाश हेतु हैली सेवा

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने देहरादून में शासकीय आवास पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने आदि कैलाश एवं ओम पर्वत के दर्शनार्थ पंतनगर से धारचूला अथवा निकटतम स्थान तक हैली सेवा प्रारंभ किए जाने की मांगपत्र सौंपा।

पूर्व विधायक ने किच्छा में फायर स्टेशन भवन निर्माण हेतु 4 करोड़ की स्वीकृत धनराशि प्रदान करने पर भी सीएम का आभार प्रकट किया पूर्व विधायक ने सीएम से आग्रह किया कि राज्य में पर्यटन को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से पंतनगर एयरपोर्ट से हैली सेवा प्रारंभ की जाए, जिससे आदि कैलाश एवं ओम पर्वत के दर्शन को आने वाले श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को सुविधा प्राप्त हो। उन्होंने उल्लेख किया कि हल्द्वानी से मुनस्यारी हेतु हैली सेवा पहले से चालू



**मुलाकात**

- **किच्छा में फायर स्टेशन निर्माण को धनराशि स्वीकृति पर जताया आभार**

है, ऐसे में पंतनगर से भी इस सेवा की आवश्यकता महसूस की जा रही है। इससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा तथा यात्रियों की संख्या में वृद्धि होगी।

किच्छा क्षेत्र में फायर स्टेशन भवन निर्माण के लिए सरकार द्वारा 4 करोड़ की स्वीकृति पर सीएम का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि पहले कार्यकाल के दौरान यह घोषणा स्वयं मुख्यमंत्री ने किच्छा में आयोजित जनसभा के दौरान की थी। मुख्यमंत्री ने पूर्व विधायक द्वारा प्रस्तुत सभी सुझावों एवं मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# फिल्मी दुनिया

## दूसरे रविवार को बागी 4 ने पकड़ी रफ्तार



*बागी 4 और द बंगाल फाइल्स को रिलीज हुए आज 10वां दिन है। दोनों ही फिल्में 5 सितंबर को रिलीज हुई थीं। 10वें दिन फिल्मों ने अच्छी कमाई की है। बागी 4 की बॉक्स ऑफिस पर शुरुआत अच्छी रही तो वहीं द बंगाल फाइल्स की रफ्तार धीमी रही। आइए जानते हैं फिल्म का 10वें दिन का कलेक्शन। टाइगर श्रॉफ और संजय की अदाकारी से सजी फिल्म बागी 4 ने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर 12 करोड़ रुपये की कमाई की। पहले शनिवार और रविवार को फिल्म की कमाई काफी अच्छी रही। दोनों दिन फिल्म ने क्रमश: 9.25 करोड़ और 10 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। इसके बाद इसकी कमाई हर दिन घटी। पहले सोमवार को बागी 4 की कमाई 4 करोड़ रुपये रही। पहले मंगलवार को फिल्म ने 4.5 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। इसके बाद इसकी कमाई दो करोड़ रुपये तक पहुंच गई। फिल्म ने पहले हफ्ते में 44.5 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। दूसरे हफ्ते में फिल्म की कमाई कुछ खास नहीं रही। शुक्रवार को फिल्म ने 1.25 करोड़ रुपये का कारोबार किया। दूसरे शनिवार को फिल्म ने 1.85 करोड़ रुपये का कारोबार किया। आज रविवार को खबर लिखे जाने तक फिल्म ने 2.02 करोड़ रुपये का कारोबार कर लिया है। इस तरह से फिल्म का अब तक टोटल कलेक्शन 49.62 करोड़ रुपये हो गया है।*

### द बंगाल फाइल्स का कलेक्शन

*फिल्म द बंगाल फाइल्स ने बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन 1.75 करोड़ रुपये से खाता खोला। वीकएंड के अलावा फिल्म की कमाई बहुत अच्छी नहीं रही। शनिवार और रविवार को फिल्म की कमाई 2.25 करोड़ और 2.75 करोड़ रुपये रही। इसके बाद फिल्म की कमाई हर दिन लगभग 1 करोड़ रुपये के आस-पास ही रही है। पहले हफ्ते में फिल्म ने 11.25 करोड़ रुपये की कमाई की। दूसरे शुक्रवार को फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 60 लाख रुपये का कलेक्शन किया। शनिवार को इसने 1.15 करोड़ रुपये का कारोबार किया। दूसरे रविवार को फिल्म की कमाई 1.07 करोड़ रुपये रही।*

# घर में घुस कर महिला के साथ दुष्कर्म का प्रयास, मुकदमा दर्ज

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

घर में घुस कर महिला के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है महिला जब ज्यादा परेशान हो गई तो महिला पुलिस की शरण में पहुंचकर आप युवक के खिलाफ तहरीर सौंप कर कार्रवाई की मांग की पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

पीड़ित महिला ने आरोप लगाया है कि दुष्कर्म के बाद आरोपी ने उसका अश्लील वीडियो फोटो बनाया और अब ब्लैकमेल कर रहा है। उसकी बात नहीं मानने पर उसकी अश्लील वीडियो फोटो सोशल मीडिया में वायरल करने की धमकी दे रहा है। पुलिस ने मामले में दुष्कर्म की धारा में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली पुलिस के मुताबिक बरेली रोड की रहने वाली 25 वर्षीय विवाहिता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उसके पति एक श्रमिक हैं। वह घर पर चार साल की बेटी के साथ

**आरोप**

- **आरोपी के खिलाफ तहरीर देते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की**

रहती है। कुछ दिन पहले वह घर पर अकेली थी इसी बीच नई बस्ती वार्ड-27 निवासी राहुल सागर उसके घर में घुस गया, आरोप है कि युवक ने उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए और अश्लील फोटो-वीडियो बनाकर भाग गया। युवक अब उसे फोटो-वीडियो सोशल मीडिया में वायरल करने की धमकी दे रहा है। साथ ही संबंध बनाने का दबाव डाल रहा है। महिला का आरोप है कि आरोपी उसे काफी दिनों से परेशान कर रहा है। अश्लील वीडियो बनाकर अब उसको ब्लैकमेल भी कर रहा है। पीड़ित महिला ने आरोपी के खिलाफ तहरीर देते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की है। पूरे मामले में पुलिस का कहना है कि आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जल्द उसे गिरफ्तार किया जाएगा।

## News कॉर्नर

### मांगों के लिए काली पट्टी बांधकर शिक्षकों ने जताया विरोध

**अल्मोड़ा।** शनिवार को भी शिक्षकों ने तीन सूत्री मांगों के लिए काली पट्टी बांधकर विरोध जताया। इस दौरान विभिन्न विद्यालयों में हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि जब तक मांगें पूरी नहीं होंगी विरोध जारी रहेगा। जीजीआईसी दन्यां में आयोजित सभा में शिक्षिकाओं ने पदोन्नति से वंचित करने पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि अन्य विभागों में पदोन्नतियां दी जा रही हैं जबकि शिक्षकों की पदोन्नति नहीं हुई है। विभाग में शिक्षकों की पदोन्नति के पदों को सीधी भर्ती के माध्यम से भरना न्याय संगत नहीं है। उन्होंने शिक्षा विभाग में शिक्षकों के स्थानांतरण नहीं होने पर रोष जताया। कहा कि शिक्षकों की उपेक्षा बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वहां सुनीता राय, पल्लवी आर्य, हेमा बहुगुणा, दीपिका हयांकी, शीला बसेडा, गरिमा उप्रेती, मीना चंद्रा, पूजा कुमारी आदि रहे।

### माइनिंग चेकपोस्ट पर खड़े डंपर की चपेट में आकर बाइक सवार की मौत

**काशीपुर।** माइनिंग कंपनी के चेकपोस्ट पर खड़े डंपर की चपेट में आकर एक बाइक सवार की मौत हो गई। जानकारी मिलने पर आक्रोशित ग्रामीणों ने कंपनी कार्यालय पर जमकर तोड़फोड़ की और हंगामा काटा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बमुश्किल आक्रोशित ग्रामीणों को शांत कराया। बाजपुर रोड ग्राम परमानंदपुर के पास कैलाश रिवर माइनिंग कंपनी की चेकपोस्ट हैं। यहां पर प्रतिदिन कंपनी के कर्मचारी खनन वाहनों की रायल्टी चैक करते हैं, जिस कारण जाम की स्थिति बनी रहती है। शनिवार की शाम चेकपोस्ट के पास डंपरों की कतार लगने से जाम लगा हुआ था। इसी दौरान ग्राम परमानंदपुर निवासी मोहम्मद फैजान (30) बाइक से काशीपुर से घर लौट रहा था। चेकपोस्ट के पास अचानक एक डंपर चालक ने तेज रफ्तार में डंपर चला दिया, जिसकी चपेट में आकर मोहम्मद फैजान गंभीर रूप से घायल हो गया।

# उत्तराखंड के 21 परीक्षा केंद्रों में दी 7254 परीक्षार्थियों ने बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल द्वारा रविवार को आयोजित उत्तराखण्ड राज्य बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा-2025 राज्य भर के 21 परीक्षा केन्द्रों पर सफ लतापूर्वक आयोजित हुई। इस राज्य स्तरीय परीक्षा के लिए कुल 7 हजार 770 अभयर्थियों ने पंजीकरण कराया था जिनमें से 7 हजार 254 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तथा 516 अनुपस्थित रहे। दूसरी ओर नैनीताल स्थित कुविवि के डीएसबी परिसर में पंजीकृत 153 में से 142 अभयर्थी परीक्षा में शामिल हुए।

उत्तराखण्ड राज्य बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा-2025 के नोडल



अधिकारी एवं कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल के कुल सचिव डॉ. मंगल सिंह मन्द्रवाल ने बताया कि परीक्षा के प्रदेश के सभी केन्द्रों पर सुचारू एवं शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा संपन्न हुई। दूसरी ओर कुविवि के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने इस अवसर पर परीक्षा आयोजन में सहयोग देने वाले समस्त गुरुजनों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों विशेषकर परीक्षा संचालन टीम, प्रेक्षकों तथा केन्द्राध्यक्षों व कक्ष निरीक्षकों तथा सहयोगी स्टाफ को इस राज्य स्तरीय परीक्षा को सफल एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए बधाई एवं धन्यवाद दिया।

प्रो.रावत ने कहा कि कुमाऊँ विश्वविद्यालय राज्य स्तरीय परीक्षाओं के संचालन में पारदर्शिता, निष्पक्षता और समयबद्धता को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है और भविष्य में भी परीक्षाओं के संचालन के लिए इसी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगा। दूसरी ओर कुविवि के डीएसबी परिसर नैनीताल में रविवार को आयोजित उत्तराखंड राज्य की बी एड प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुई । परिसर में बने केंद्र में कुल 153 परीक्षार्थी में से 142 ने परीक्षा दी । परीक्षा प्रात:10 बजे से अपराह्न 1 बजे तक हुई तथा इस दौरान परिसर के गेट बंद रहे । प्रो. ललित तिवारी पर्यवेक्षक तथा नीरज सिंह सहायक पर्यवेक्षक रहे । डीएसबी परिसर के केंद्र प्रभारी डॉ. संतोष कुमार ने बताया कि परीक्षा नियमानुसार संपन्न हुई । परीक्षा संपन्न करान में डॉ मनोज सिंह बिष्ट ,डॉ हिरदेश कुमार, डॉ नेत्र पाल शर्मा, डॉ भारती जोशी, डॉ ऋचा पांडे, डी एस बिष्ट ,अखिलेश कुमार, संजय बहुगुणा, रितेश कुमार, सी डी पंत तथा विकास,डॉ. नवीन पांडे, डॉ नगमा, डॉ उजमा, डॉ प्रदीप तथा डॉ अंचलेस ने सहयोग दिया।

# रामनगर में पुलिस का सत्यापन अभियान बिना सत्यापन रह रहे 93 लोग चिन्हित

**रामनगर**
हमारे संवाददाता

शहर में सुरक्षा व्यवस्था को और सख्त बनाने के लिए शनिवार सुबह पुलिस प्रशासन ने विशेष सत्यापन अभियान चलाया। इस दौरान शहर के प्रमुख इलाकों में भारी पुलिस बल तैनात किया गया।

कोतवाल अरुण कुमार सैनी के नेतृत्व में हुए इस अभियान में बाहर से आकर किराए पर रह रहे लोगों का सत्यापन किया गया।पुलिस ने खताड़ी, गुलरघट्टी, पूछड़ी, कार्बेट कॉलोनी, कालूसिद्ध, भरतपुरी और पम्पापुरी सहित कई इलाकों में करीब 750 व्यक्तियों की जांच की। जांच में 93 लोग ऐसे पाए गए जिनका सत्यापन नहीं हुआ था। इनमें से 65 लोगों से पुलिस एक्ट के तहत मौके पर ही 23,500 रुपये का चालान वसूला गया जबकि 28 लोगों के खिलाफ कोर्ट चालान की कार्रवाई की गई। कोतवाल सैनी ने



बताया कि सत्यापन अभियान का उद्देश्य अपराध पर अंकुश लगाना और शहर की सुरक्षा को और मजबूत करना है।

उन्होंने कहा कि अभियान आगे भी जारी रहेगा। इस कार्रवाई में वरिष्ठ उप निरीक्षक मोहम्मद यूनुस, पीरूमदारा चौकी प्रभारी सुनील धनिक, ढेला चौकी प्रभारी जोगा सिंह, एसआई सुरभि राणा, एसआई नीरज चौहान, एसआई मोहम्मद सादिक, हेड कांस्टेबल तालिब हुसैन और कांस्टेबल विजेन्द्र गौतम सहित पूरी पुलिस टीम मौजूद रही।

**कार्रवाई**
- 65 लोगों से पुलिस एक्ट के तहत 23,500 रुपये वसूले

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 35283 वादों का निस्तारण

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार एवं वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय नैनीताल सह कार्यपालक अध्यक्ष, उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के आदेशानुपालन में उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति नैनीताल एवं समस्त जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों के द्वारा शनिवार को उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय नैनीताल समेत उत्तराखण्ड राज्य के समस्त 13 जनपदों के जनपद न्यायालयों, पारिवारिक न्यायालयो एवं वाह्य न्यायालयों तथा राज्य/जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में कुल 146 खण्डपीठ गठित कर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के सदस्य-सचिव प्रदीप मणि त्रिपाठी द्वारा बताया गया कि उत्राखण्ड उच्च न्यायालय में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु 2 खण्डपीठ गठित की गयी थी। जिसमें न्यायमूर्ति आलोक महरा एवं न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खण्ड पीठ के द्वारा कुल 44 वादों का निस्तारण किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में प्रदेश भर में कुल नियत वादों जिनकी संखया 35288 थी में से 35283 वादों का निस्तारण किया गया जिसमें समझौता धनराशि 91,70,64,361 रुपएं रही।



# तस्करों ने 81 पेड़ों पर आरी चलाई

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

जंगलों में लकड़ी तस्करों के हौसले बुलंद है लकड़ी तस्कर हरे पेड़ों पर आरिया चला रहे हैं । पिछले दिनों तराई केंद्रीय वन प्रभाग की हल्द्वानी रेंज के मोटाहल्दू बीट में खैर के पेड़ काटने के मामले की जांच पूरी हो गई है। जांच में सामने आया है कि तस्करों ने 81 पेड़ों पर आरी चलाई थी। मामले में प्रमुख वन संरक्षक (हाफ) (पीसीसीएफ) डॉ. समीर सिन्हा ने रेंजर आनंद कुमार को निलंबित कर अल्मोड़ा अटैच कर दिया है। इससे पहले इस मामले में वन आरक्षी व डिप्टी रेंजर पर गाज गिर चुकी है।मोटाहल्दू बीट के जंगलों में तस्करों ने खैर के 81 पेड़ों को काटकर ठिकाने लगा दिया था लेकिन वन विभाग के जिम्मेदारों को इसकी भनक नहीं लगी। ऐसे में विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की कार्यशैली भी सवालों के घेरे में आ गई थी। आरोप लगे थे कि तस्करों ने उनकी साठगांठ है। मामले का खुलासा 13 जुलाई को हुआ। इसके बाद डीएफओ ने एक वन आरक्षी व वन दरोगा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया था। साथ ही रेंजर आनंद कुमार को डीएफओ कार्यालय हल्द्वानी अटैच किया था। रेंजर पर कार्रवाई के लिए पीसीसीएफ को संस्तुति की गई थी। पीसीसीएफ ने अब रेंजर को निलंबित कर अल्मोड़ा कार्यालय में अटैच किया है।

### ग्राम प्रधान संघ की बैठक में समस्याओं पर चर्चा

**झनकट।** ग्राम प्रधान संघ की रविवार को झनकट में ग्राम प्रधान रीतू बोरा के आवास पर बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता संघ अध्यक्ष आशा बिष्ट ने की। बैठक में मनरेगा और ग्रामीणों की समस्याओं पर चर्चा हुई। प्रधानों ने बताया कि मनरेगा साफ्टवेयर केवल 20 कार्य दर्शाता है, इस कारण 21वें कार्य का मस्टर रोल जारी नहीं हो पाता। साथ ही सामग्री भुगतान में एक वर्ष से अधिक का समय लग रहा है, जिससे कार्य अधूरे ही दिखाए जा रहे हैं। ग्रामीण कार्यों जैसे बकरी बाड़ा, मुर्गी बाड़ा, पशु नाद और रिचार्ज पिट को भी मनरेगा में गिना जा रहा है।

# भाजपा के प्रदेश पदाधिकारी घोषित, तरुण बंसल महामंत्री व साकेत अग्रवाल प्रदेश सह कोषाध्यक्ष

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

भाजपा ने प्रदेश पदाधिकारियों की घोषणा कर दी है। प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के निर्देश पर संगठन के विभिन्न मोर्चो और विभाग मे 42 लोगों को दायित्व दिये गए है। दीप्ति रावत, कुंदन परिहार और तरुण बंसल को महामंत्री बनाया गया है। वहीं प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर राजेंद्र सिंह बिष्ट सहित 8, प्रदेश मंत्री के पद पर 8 लोगों को नियुक्ति दी गयी है। पुनीत मित्तल प्रदेश कोषाध्यक्ष व साकेत अग्रवाल को प्रदेश सह कोषाध्यक्ष तथा मनवीर सिंह चौहान



को तीसरी बार मीडिया प्रभारी बनाया गया है। रुचि भट्ट को महिला मोर्चा का अध्यक्ष तथा अन्य मोर्चो मे भी नियुक्ति की गयी है। हल्द्वानी विधानसभा से तरुण बंसल, साकेत अग्रवाल को प्रदेश की टीम में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गयी है और क्षेत्र के कार्यकर्ताओ ने उन्हें



शुभकामनायें दी है। नवीन दायित्व मिलने पर प्रदेश महामंत्री तरुण बंसल ने कहाँ कि संगठन द्वारा उन्हें जो जिम्मेदारी सौपी है उसका निष्ठा से निर्वहन करेंगे और प्रदेश में संगठन को और मजबूत करने का सभी कार्यकताओ के साथ मिलकर प्रयास करेंगे।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
## प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, नैनीताल
E Mail:- eepwdntl@gmail.com

पत्रांक: कैम्प मैमो/17 एम0जी0 दिनांक: 13.09.2025

### निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल, उत्तराखण्ड की ओर से अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, नैनीताल द्वारा निम्नलिखित कार्यों की सील्ड निविदा दिनांक 30.09.2025 को आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 16.09.2025 से 30.09.2025 तक किसी भी कार्य दिवस में पूर्वाह्न 11:00 बजे तक निम्न कार्यालयों से प्राप्त किये जा सकते हैं तथा दिनांक 30.09:2025 को अपरान्ह 3:00 बजे तक इन्हीं कार्यालयों में डाले जा सकते हैं।

1- अधीक्षण अभियन्ता, द्वितीय वृत्त, लो0नि0वि0, नैनीताल। 2. अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 नैनीताल। 3. अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, नैनीताल। 4. अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0 रुद्रपुर।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि (रु0 में) जो कि अधिशासी अभियन्ता, प्रा0ख0, लो0नि0वि0 नैनीताल के नाम बंधक हो | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु0 में) | निविदा की वैधता | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदार की पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | जिला योजना 2025-26 के अन्तर्गत कंकोड गॉजा बकडिया मार्ग में सुरक्षात्मक कार्य। | 60000.00 | 1500.00 + 18% GST | 90 दिन | 2 माह | मार्ग 'डी' एवं उच्चतर श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार |

निविदा दिनांक 01.10.2025 को प्रात: 11.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेंगी। निविदा हेतु अन्य शर्तें निविदा प्रपत्र के साथ देखी जा सकती हैं। किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित रहेगा।

अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड,
लो0नि0वि0, नैनीताल